भारत सरकार

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 6161

बुधवार, दिनांक 01 अप्रैल, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

कारपोर्टों के सौरीकरण को बढ़ावा देने की नीति

6161. श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव:

क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देशभर में कारपोर्टों एवं पार्किंग स्थलों के सौरीकरण को बढ़ावा देने हेतु नीतिगत उपाय अथवा वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करने का प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि हाँ, तो प्रस्तावित पहलों, उनके कार्यान्वयन ढांचे और राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में अपेक्षित योगदान का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या ऐसे सौर अवसंरचना की क्षमता का आकलन करने हेतु राज्य सरकारों अथवा निजी संस्थाओं के सहयोग से कोई पायलट परियोजनाएँ या व्यवहार्यता अध्ययन किए गए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार स्वच्छ गतिशीलता और भूमि के इष्टतम उपयोग को बढ़ावा देने हेतु सौरीकृत कारपोर्टों एवं पार्किंग स्थलों को इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग अवसंरचना के साथ समेकित करने का विचार रखती है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) से (घ): वर्तमान में, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) में देश भर में कारपोर्ट और पार्किंग स्थलों के सौरीकरण को बढ़ावा देने के लिए कोई विशेष नीतिगत उपाय या वित्तीय प्रोत्साहन शुरू करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

तथापि, मार्च 2020 में MNRE द्वारा अनुमोदित मोढेरा के सूर्य-मंदिर कस्बे के सौरीकरण की योजना के तहत, मोढेरा गाँव में एक सोलर कारपोर्ट स्थापित किया गया है। इसके अलावा, देश में विभिन्न एजेंसियों द्वारा भी सोलर कारपोर्ट स्थापित किए गए हैं। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के आधार पर विवरण **अनुलग्नक** में दिए गए हैं।

इसके अतिरिक्त, MNRE फरवरी 2024 से पूरे देश में 'पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना' (PMSG: MBY) कार्यान्वित कर रहा है। इस योजना के तहत, ग्रुप हाउसिंग सोसाइटियों/आवासीय कल्याण संघों को साझा सुविधाओं के लिए सौर रूफटॉप संयत्र लगाने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है, जिसमें सोलर कारपोर्ट के माध्यम से EV चार्जिंग भी शामिल है।

अनुलग्नक-I

'कारपोर्टों के सौरीकरण को बढ़ावा देने की नीति' के संबंध में पूछे गए दिनांक 01.04.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 6161 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

देश भर में लगाए गए विभिन्न सोलर कारपोर्ट्स का विवरण (विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त जानकारी के आधार पर)

1. **चंडीगढ़**: चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र (UT) में 22 स्थलों पर कुल 3745 KW क्षमता के सोलर कारपोर्ट लगाए गए हैं।

2. **गुजरात**: गुजरात सरकार के सड़क और भवन विभाग ने गांधीनगर, गुजरात में सचिवालय, सरदार भवन की पार्किंग में एक सोलर कारपोर्ट लगाया है। कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विस लिमिटेड (CESL) ने केवडिया, गुजरात में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' पर BESS (50 kWp + 200 kWh) के साथ एक सोलर कारपोर्ट लगाया है।

3. **झारखंड**: झारखंड नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (JREDA) ने झारखंड उच्च न्यायालय परिसर में 2 MW का सोलर कारपोर्ट लगाया है।

4. **लद्दाख**: CESL ने लेह में BESS (110 kWp + 860 kWh) के साथ एक सोलर कारपोर्ट लगाया है।

*****